## 8. वचन

संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध वचन द्‌वारा होता है। वचन एक या एक से अधिक संख्या बताते हैं।

### शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को वचन की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ विभिन्न उदाहरणों द्‌वारा शब्दों के वचन पूछें।
- ❖ वचन के दोनों भेदों के बारे में पहले छात्रों से पूछें फिर स्वयं बताएँ।
- ❖ एकवचन से बहुवचन कैसे बनाए जाते हैं, इसके नियम समझाएँ।
- ❖ सदा एकवचन तथा सदा बहुवचन में प्रयोग होने वाले शब्दों को समझाने के लिए वाक्य प्रयोग के उदाहरण द्‌वारा स्पष्ट करें।
- ❖ बताएँ, आदर-सम्मान प्रकट करने के लिए एकवचन का बहुवचन में प्रयोग किया जाता है।
- ❖ बीच-बीच में छात्रों की पाठ में उपस्थिति जाँचने के उद्‌देश्य से प्रश्न करें।
- ❖ कुछ शब्दों का रूप एकवचन तथा बहुवचन में एक समान रहता है।
- ❖ सुनिश्चित कर लें कि छात्र पाठ भली-भाँति समझ पा रहे हैं या नहीं।
- ❖ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।